हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 जुलाई 2026

[ नर्मदापुरं | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 ताप्ती जन्मोत्सव पर ताप्ती तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



07 वन अमले ने 20 एकड़ वनभूमि से हटाया ...



## खबर संक्षेप

### राइस मिल प्रबंधन से भुगतान कराया

**नर्मदापुरम।** कार्यालय श्रमायुक्त, नर्मदापुरम में सोमवार को अन्य राज्यों के 17 श्रमिकों द्वारा तहसील सोहागपुर स्थित एक राइस मिल में मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्य करने के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं किए जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई। शिकायत प्राप्त होते ही क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक श्रीमती ज्योति पी.ए. ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित नियोजक से संपर्क कर श्रमिकों के बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराया। श्रम विभाग की पहल पर राइस मिल प्रबंधन द्वारा 17 श्रमिकों को कुल 1 लाख 48 हजार रुपये की बकाया वेतन राशि का भुगतान किया गया।

### संभागायुक्त ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग के सभाकक्ष में संभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, अभियानों एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कमिश्नर ने बैठक में निर्देश दिए।

### दूसरी दुकान से शराब लेने का मामला आया सामने, 7 लोगों ने गाड़ी में बैठाकर की मारपीट

# शराब विक्रेताओं के गुर्गों ने युवक को पीटा, पुलिस ने किया प्रकरण पंजीबद्ध


हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोहागपुर में शराब ठेकेदार से जुड़े कर्मचारियों पर युवक का अपहरण कर बंधक बनाने और मारपीट मामले में पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध किया। वहीं मामले की जांच जारी है।

नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर में शराब ठेकेदार से जुड़े कर्मचारियों पर युवक का अपहरण कर बंधक बनाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब खरीदकर घर लौट रहे 22 वर्षीय युवक को रास्ते में रोककर जबरदस्ती गाड़ी में बैठाया गया और करीब तीन घंटे तक उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद आरोपी उसे थाने लेकर पहुंचे और आबकारी एक्ट की धारा 34(2) में झूठा केस दर्ज कराने का दबाव बनाने लगे। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि दो आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट करने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### बनाया बंधक

राजा विष्णु कहार ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे करीब तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी रात करीब 11 बजे उसे पिपरिया थाने लेकर पहुंचे। आरोप है कि यहां युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कराने का दबाव बनाया गया।



जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया कि विभाग लगातार शराब दुकानों पर कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो महीनों में 15 से ज्यादा मामलों में कार्रवाई की गई है।

### उठ रहे है कई सवाल

मामले के बीच क्षेत्र में शराब की कीमतों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिपरिया और बनखेड़ी क्षेत्र में शराब एमआरपी या उससे अधिक कीमत पर बिकती है। वहीं शोभापुर में शराब अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलने की बात कही जा रही है। लोगों के अनुसार दोनों क्षेत्रों में शराब की कीमतों में 200 से 300 रुपए तक का अंतर है। इसी वजह से कई लोग शोभापुर से शराब खरीदने जाते हैं। शराब ठेकेदार और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अटल राय ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि अपहरण और मारपीट करने वाले लोग उनके कर्मचारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पुलिस ने बनाया प्रकरण

सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि युवक के साथ अपहरण और मारपीट की घटना सामने आई है। मामले में शराब ठेकेदार अटल राय से जुड़े सात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं मामले की जांच जारी है।

### शराब की सीमा तय

थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि आबकारी नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति निजी उपयोग के लिए चार बोतल शराब कहीं से भी खरीदकर ले जा सकता है। यह पूरी तरह वैध है। ऐसे मामले में पुलिस या आबकारी विभाग कार्रवाई नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि युवक के पास चार बोतल शराब थी, इसलिए उसके खिलाफ आबकारी एक्ट का मामला बनाने का कोई आधार नहीं था।

## आरसीएम कंपनी के नाम पर 31 हजार रुपए का साइबर फ्रॉड

### पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यापारी से आरसीएम कंपनी का कर्मचारी बात कर धोखेबाज ने लगभग 31 हजार रुपये का साइबर फ्रॉड किया है। मामले में पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी मनोज पिता प्रहलाद सिंह पुर्विया उम्र 40 साल निवासी ग्राम करनपुर है, जिसने मोबाइल धारक 8709512883 के ख़िलाफ़ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार ग्राम करनपुर निवासी पीड़ति की सोहागपुर शहर के सुभाष वार्ड में नेटवर्क मार्केटिंग की किराना दुकान है। पीड़ित को पांच जुलाई को 8709512883 मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि वह आरसीएम कंपनी के हेड आफिस से बोल रहा है और पीड़ति से छह माह के कमीशन की जानकारी ली। पीड़ित को झांसे में ले कॉलर बोला कि व्हाट्सअप नंबर पर लिंक भेजेगा, जिस पर पीड़ति को जानकारी भरना होगा। कॉलर ने पीड़ित के मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजी। जैसे ही पीड़ति लिंक क्लिक की, वैसे ही उसके बैंक आफ इंडिया के खाते से फोनपे के माध्यम से क्रमशः 9917 रुपये, 9929 रुपये, 9917 रुपये और 1500 रुपये कटने के मैसेज आए। पीड़ति के खाते से 31 हजार 263 रूपये कटने के बारे में पूछा, तो कॉलर बोला कि यह राशि वापस हो जाएगी। लेकिन राशि नहीं मिली। तब सात जुलाई को पीड़ति ने 1930 नंबर पर कॉलकर संबंधित मोबाईल नंबर 8709512883 धारक द्वारा सायबर फ्राड की सूचना दी। रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने सभी आमजनों से अपील की है कि किसी भी अंजान लिंक पर ना जाएं व सायबर सुरक्षा संबंधी बातों का पालन करें।

### लोक अदालत में 120 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**नर्मदापुरम।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में 18 जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसीलों में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 143 रेफर्ड प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें से 120 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

## 3 लाख 30 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा सांसद शदर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा सांसद निधि से 03 निर्माण कार्य के लिए 03 लाख 30 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक सभा सांसद श्री चौधरी की अनुशंसा पर ग्राम व ग्राम पंचायत करनपुर विकासखंड सोहागपुर में श्री रामजानकी मंदिर पूर्व की दिशा में निर्मित शेड के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपये, ग्राम खिडिया ग्राम पंचायत उडियाशंकर विकासखंड सोहागपुर में खेडापति मंदिर के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल टीन शेड निर्माण के लिए 80 हजार रूपये एवं ग्राम व ग्राम पंचायत परसाई पिपरिया छत्रसाल विकासखंड सोहागपुर में मेन रोड ओनला पिपली के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल निर्माण के लिए 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## नर्मदापुरम के छात्र-छात्राओं को छात्रावासों में ही मिलेगी कोचिंग, 31 जुलाई तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शासन द्वारा संचालित उत्कृष्ट छात्रावास एवं महाविद्यालयीन छात्रावासों में निवासरत छात्र/छात्राओं को अब छात्रावास में ही कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इसके लिए इच्छुक शिक्षक/व्याख्याता 31 जुलाई 2026 तक संबंधित छात्रावास अधीक्षकों को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम श्री विवेक नागवंशी ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के उतकृष्ट छात्रावासों में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिक, रसायन एवं कम्प्यूटर के विषयों की कोचिंग की जाएगी। जिसमें वीरांगना रानी दुर्गावती उत्कृष्ट कन्या छात्रावास नर्मदापुरम, वीरांगना रानी दुर्गावती उत्कृष्ट कन्या छात्रावास केसला, राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह उत्कृष्ट बालक छात्रावास केसला एवं राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह उत्कृष्ट बालक छात्रावास पचमढ़ी शामिल है। स्नातक से स्नातकोत्तर स्तर के महाविद्यालीन छात्रावासों में अंग्रेजी विषय पर कोचिंग दी जाएगी। जिसमें वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम, वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालयीन नवीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम, वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालयीन नवीन कन्या छात्रावास इटारसी, राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह महाविद्यालयीन बालक छात्रावास नर्मदापुरम, राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह महाविद्यालयीन बालक छात्रावास पिपरिया, महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नर्मदापुरम एवं महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास नर्मदापुरम शामिल है।

## मानसून की कमी से किसान हुए चिंतित जल्दी बारिश नहीं हुई तो सूख जाएंगी फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इस वर्ष नर्मदापुरम जिले में मानसून की बेरुखी ने किसानों और आम जनता को चिंता में डाल दिया है। सोमवार को सुबह से शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। बारिश नहीं हुई। लेकिन उमस और गर्मी से लोग दिनभर परेशान रहे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मजबूत मानसूनी सिस्टम का सक्रिय न होने और मानसूनी हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण बारिश नहीं हो रही। अगले तीन दिन बारिश की संभावना है। बारिश कम होने फसल सूखने लगी हैं।

### पिछले साल से 14 इंच बारिश

जिले में 1 जून से अब तक जिले में महज 8.37 इंच ही बारिश हुई, जो सामान्य से काफी कम है। पिछले साल 1 जून से 20 जुलाई के दौरान 23 इंच बारिश हो चुकी थी। इस साल सीजन की बारिश 14 इंच कम दर्ज हुई।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हो चुका है। इसके साथ ही एक चक्रवातीय परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी की ऊंचाई तक विस्तृत है, जो अगले दो दिनों में उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा। इस मजबूत सिस्टम के प्रभाव से जिले में 4 दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेगी। हालाकि रविवार रात करीब 7 बजे जोरदार बारिश हुई थी लेकिन दिन में बारिश नदारद रही। किसानों का कहना था कि अगर बारिश नहीं होती है तो समस्या होगी।

## समितियों के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था में किसानों को खाद उपलब्ध कराएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंगलवार को जिले के सभी विकासखंडों में नवांकुर अभियान के अंतर्गत सीड बॉल प्रसार का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वनीकरण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से सभी विभाग समन्वित प्रयास करते हुए अभियान को सफल बनाएं। वहीं नवांकुर अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 2 लाख सीड बॉल का व्यापक स्तर पर प्रसार किया जाएगा। बैठक में खाद एवं उर्वरक वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियों से खाद का नियमित उठाव सुनिश्चित किया जाए। सहकारिता विभाग साप्ताहिक समीक्षा कर समितिवार डाटा तैयार करे तथा खाद का वितरण रोटेशन के आधार पर किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति में खाद की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखी जाए। जिन समितियों से खाद का उठाव कम हुआ है, उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद उठाव नहीं करने वाली समितियों को नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## श्री ज्ञानरत्न अकादमी में छात्र संगठन शपथ ग्रहण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री ज्ञानरत्न अकादमी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नव-निर्वाचित छात्र संगठन के लिए भव्य एवं गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और नेतृत्व विकास की भावना के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीता यादव बीआरसी, सिवनी मालवा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया, जिसकी सभी ने सराहना की।

समारोह के दौरान विद्यालय की प्राचार्या रीना लुईस एवं मुख्य अतिथि ने नव-नियुक्त हेड बॉय यश रघुवंशी, हेड गर्ल तेजस्वी सोनी, सभी हाउस मिनिस्टर्स तथा अन्य निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को आधिकारिक बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्र पदाधिकारियों ने ली जिम्मेदारी और अनुशासन की शपथ ग्रहण की।

## स्वामित्व योजना के कार्यों में लापरवाही न हो, समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को नर्मदापुरम ग्रामीण तहसील के ग्राम रायपुर पहुंचकर स्वामित्व योजना के अंतर्गत संचालित ग्राउंड टुथिंग (जीटी) कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देशन में स्वामित्व योजना का कार्य निरंतर प्रगतिरथ है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के तहत संचालित ग्राउंड टुथिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है, इसलिए राजस्व अमला पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के कार्यों की नियमित समीक्षा तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं पटवारियों के साथ बैठक आयोजित कर की जाए, ताकि सभी कार्य समय पर पूर्ण हो सकें तथा योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शीघ्र पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

## अधिकारी-कर्मचारी घर बैठे देख सकेंगे जीपीएफ स्टेटमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), मध्यप्रदेश, ग्वालियर ने राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (GPF) खातों का वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक लेखा विवरण अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध करा दिया है। इससे अभिदाता अब घर बैठे अपने GPF खाते का वार्षिक विवरण देख एवं डाउनलोड कर सकेंगे।कार्यालय महालेखाकार के अनुसार अभिदाता www.agmp.nic.in पर जाकर अपनी संबंधित सीरीज, सामान्य भविष्य निधि लेखा क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर वार्षिक लेखा विवरण प्राप्त कर सकते हैं। यदि वार्षिक लेखा विवरण में किसी प्रकार की विसंगति अथवा त्रुटि पाई जाती है, तो उसके ऑनलाइन सुधार के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध विकल्प के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है। कार्यालय द्वारा इन शिकायतों का निराकरण महालेखाकार की निगरानी में सामान्यतः एक माह के भीतर किया जाता है।

### एक ही जगह होगी सभी सुविधाएं

सामान्य भविष्य निधि से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ), विभिन्न आवेदन प्रारूप तथा अन्य आवश्यक प्रपत्र भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जिससे अभिदाताओं को आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं एक ही मंच पर प्राप्त हो सकें। अभिदाता अपनी शिकायत दूरभाष 0751-2432457 तथा व्हाट्सएप नंबर +91-8827409410 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में आंदोलन

## नीट परीक्षा के पेपर लीक को लेकर विद्यार्थियों में आक्रोश भूख हड़ताल पर बैठे छात्र-छात्राएं, मंत्री के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राजधानी दिल्ली में नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर में भी छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया। सोमवार को बस स्टैंड पर करीब 10 से 15 छात्र-छात्राएं भूख हड़ताल पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर बैठे रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग करते रहे।




### जताया विरोध

भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों ने अपने हाथों में विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां ले रखी थीं। इनमें धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, युवा संवाद भूख हड़ताल, एक पेपर नहीं, लाखों सपनों का सवाल और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो जैसे नारे लिखे हुए थे।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार सामने आ रहे कथित पेपर लीक जैसे मामलों से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं का शिक्षा व्यवस्था से विश्वास कमजोर हो रहा है, इसलिए निष्पक्ष जांच और ठोस कार्रवाई जरूरी है।

छात्रों ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस पूरे मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनका कहना था कि जब बार-बार परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, तब जवाबदेही तय होना भी जरूरी है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकार से मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पारदर्शी और मजबूत परीक्षा व्यवस्था लागू की जाए। छात्रों के आंदोलन को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, मंडल अध्यक्ष सुधीर ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने भी समर्थन दिया। वे कुछ समय के लिए छात्रों के साथ भूख हड़ताल पर बैठे और उनकी मांगों का समर्थन किया।

## कलेक्टर ने केंद्रीय जेल का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को केंद्रीय जेल, नर्मदापुरम खण्ड-का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर में वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक वनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेल के बंदियों से अधिक से अधिक सीड बॉल तैयार करवाने एवं उनका व्यापक स्तर पर प्रसार कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने जेल परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने महिला बंदियों द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह के कार्यों एवं उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनकी सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बंदियों के पुनर्वास, आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## खबर संक्षेप

### 11 अगस्त को बैतूल में होगी विशाल आदिवासी महारैली

**बैतूल।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णुसिंह गोंड (उइके) की प्रतिमा स्थापना दिवस 11 अगस्त को मनाने की तैयारियों को लेकर सोमवार को जयस की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से स्थापना दिवस पर विशाल महारैली निकालने का निर्णय लिया गया। संगठन का दावा है कि रैली में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 50 हजार आदिवासी कार्यकर्ता शामिल होंगे, जो पारंपरिक वेशभूषा में नजर आएंगे। जयस पदाधिकारियों ने बताया कि कोठी बाजार बस स्टैंड का नाम सरदार विष्णुसिंह गोंड (उइके) के नाम पर रखे जाने के बाद यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी। प्रतिवर्ष 11 अगस्त को प्रतिमा स्थापना दिवस के रूप में आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी रैली और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरदार विष्णुसिंह गोंड (उइके) ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सतपुड़ा अंचल की जनजातियों को संगठित कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व किया। जंगल सत्याग्रह के दौरान सरदार गंजन सिंह (कोरकू) की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने आदिवासी समाज में स्वतंत्रता आंदोलन की मशाल जलाए रखी और भारत छोड़ो आंदोलन तक जनजातीय समाज का नेतृत्व किया।


### कतिया समाज के 4 विद्यार्थियों ने नीट यूजी में लहराया परचम

**बैतूल।** प्रगतिशील कतिया समाज के चार मेधावी विद्यार्थियों ने नीट यूजी- 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर समाज के वरिष्ठजनों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सफल विद्यार्थियों में निशा ढाकरे ने 477 अंक, सुश्री संतोषी धारणेकर ने 428 अंक, अभिनव सूर्यवंशी ने 425 अंक तथा आर्यन भोरसे ने 422 अंक प्राप्त किए हैं। इन चारों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर एमबीबीएस में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा स्वयं विद्यार्थियों की मेहनत को जाता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर समाज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी नीट, आईआईटी, जेईई, यूपीएससी और क्लेट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और समाज व जिले का नाम रोशन करें। साथ ही समाज ने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, कोचिंग एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रगतिशील कतिया समाज संगठन एवं सामाजिक प्रतिनिधिमंडल हरसंभव सहयोग करेगा।

### लाखों श्रद्धालुओं ने किए मां ताप्ती के दर्शन, 108 मीटर लंबी चुनरी की अर्पित

**नगर बना धर्ममय, जगह-जगह भंडारे और कड़े सुरक्षा इंतजाम**

# ताप्ती जन्मोत्सव पर ताप्ती तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मां ताप्ती के पावन जन्मोत्सव पर सोमवार को पवित्र नगरी मुलताई स्थित ताप्ती तट श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर हो उठा। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का ताप्ती तट पर पहुंचना शुरू हो गया था। दिनभर दर्शन, पूजन, दुग्धाभिषेक, चुनरी अर्पण, शोभायात्रा, भंडारे और धार्मिक आयोजनों का क्रम चलता रहा। लाखो श्रद्धालुओं ने मां ताप्ती के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा पवित्र ताप्ती कुंड में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह 5 बजे से जन्मोत्सव के मुख्य धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ विशेष पूजा-अर्चना एवं दुग्धाभिषेक के साथ हुआ। श्रद्धालु हाथों में पूजा की थाली और श्रद्धा-सुमन लिए जय मां ताप्ती के जयघोष के साथ ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र पहुंचे। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देर रात तक दर्शन के लिए लगी रहीं।

#### देवी जागरण और शोभायात्रा रहे आकर्षण का केंद्र

ताप्ती प्रथम पुलिया के समीप ढाबा यूनियन द्वारा भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जबलपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका पूजा गुलहानी ने अपने मधुर भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद निकाली गई भव्य शोभायात्रा में 18 फीट ऊंची महाबली हनुमान जी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में शामिल राजस्थानी लोक नृत्य मंडली तथा ग्राम डिवटिया से आए आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

#### 150 से अधिक स्थानों पर लगे भंडारे

ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर संपूर्ण मुलताई नगर धर्ममय वातावरण में रंगा नजर आया। मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया। नगर के नागपुर रोड, बैतूल रोड, मासौद रोड, बोरदेही रोड सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर 150 से अधिक भंडारे एवं प्रसादी वितरण केंद्र लगाए गए। वहीं ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र में ही 50 से अधिक भंडारे संचालित हुए, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

#### 51 साड़ियों से बनी 108 मीटर लंबी चुनरी मां ताप्ती को अर्पित

*ताप्ती सेवा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 51 साड़ियों से तैयार 108 मीटर लंबी भव्य चुनरी मां ताप्ती को अर्पित की गई। मंडल के श्रद्धालुओं ने चुनरी की भव्य शोभायात्रा निकाली, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ताप्ती मंदिर पहुंची। मां ताप्ती की शोभा यात्रा में 15 से अधिक झांकियां एवं 15 से अधिक डीजे शामिल थे। मंदिर के मुख्य द्वार पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर चुनरी मां ताप्ती को समर्पित की गई।*

#### कन्या पूजन में उमड़ी भीड़

जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित मां ताप्ती की भव्य महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर मां ताप्ती का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक परंपरा के अनुसार कन्या पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। ताप्ती जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। ताप्ती मंदिर के प्रवेश द्वार सहित पूरे परिक्रमा क्षेत्र में पुलिस एवं महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराया गया, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु बनी रही। परिक्रमा मार्ग पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। केवल पैदल श्रद्धालुओं को ही इस मार्ग से आने-जाने की अनुमति दी गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग जोन बनाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने अपने वाहन खड़े कर पैदल मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। मां ताप्ती जन्मोत्सव के दौरान पूरे दिन आस्था, भक्ति और धार्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। ताप्ती तट पर उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि मुलताई केवल ताप्ती नदी का उद्गम स्थल ही नहीं, बल्कि सनातन आस्था का एक प्रमुख तीर्थ भी है।

### मां ताप्ती जन्मोत्सव पर वायगांव में 51 पौधों का हुआ रोपण, हरित अभियान के तहत नारियल, सुपारी और ट्रैवल ट्री के पौधे रोपे



**बैतूल।** मां सूर्यपुत्री ताप्ती के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम श्री क्षेत्र वायगांव में पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 51 पौधों का रोपण कर प्रकृति संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान नारियल, सुपारी एवं ट्रैवल ट्री के 51 पौधे रोपे गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि मां ताप्ती का जन्मोत्सव प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर है। पौधा रोपण से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। पौधा रोपण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक, ग्राम सरपंच रामदास आहाके, पूर्व जनपद सदस्य प्रमोद धोटे, रमेश चढ़ोकार, आनंदराव धोटे, भीमराव गोडकी, राम मंदिर समिति अध्यक्ष पंढरीनाथ पाटणकर, विजय धोटे, सुरेश झपाटे, राजेश मकोड़े, भूतपूर्व सैनिक सुखदेव दरवाई सहित ग्राम के बड़ी संख्या में युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### मायके वालों ने लगाए आरोप

## शादी के 86 दिन बाद कुएं में मिली लाश, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शादी के महज 86 दिन बाद नवविवाहिता कुन्ती की संदिग्ध मौत के मामले में पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम लालढाना में 15 जुलाई को महिला का शव घर के पीछे स्थित कुएं में मिला था। जांच में दहेज प्रताड़ना के साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, मृतका कुन्ती का विवाह 20 अप्रैल 2026 को ग्राम गुबरेल निवासी अजय पिता दीना ढोबारे (30) से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष उस पर दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना करने लगा था।

घटना के बाद मायके पक्ष ने हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया था। मृतका के पिता संतोष कालभोर, निवासी काठी ने बताया कि शादी में चार से पांच लाख रुपए खर्च किए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार पैसों की मांग करता था। घटना से करीब आठ दिन पहले भी बेटी ने प्रताडन्ना की जानकारी दी थी। उनका कहना है कि उनकी बेटी समझदार थी और आत्महत्या नहीं कर सकती। उन्होंने पति और सास पर हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस विवेचना में दहेज प्रताड़ना से जुड़े तथ्य सामने आने के बाद बोरदेही थाने में अपराध क्रमांक 166/2026 दर्ज किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 80(2), 85, 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पति अजय, ससुर और सास फरार हो गए थे। पुलिस ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### क्षत-विक्षत हालत में मिला शव

## स्टेटस लगाने के बाद ट्रेन के आगे कूदा युवक, पुलिस जांच में जुटी

**बैतूल।** सोमवार सुबह कोसमी रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर अनंत बोरखड़े (22) नाम के युवक का क्षत-विक्षत शव मिला। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक टिकारी क्षेत्र का रहने वाला था। घटना के बाद सामने आए उसके इंस्टाग्राम स्टेटस की पुलिस जांच कर रही है। मौत से कुछ समय पहले उसने सोशल मीडिया पर ऐसे मैसेज पोस्ट किए थे, जिनके आधार पर पुलिस आत्महत्या के पहलू की भी जांच कर रही है। परिजन ने बताया कि उसे शराब की लत थी, लेकिन उसने यह कदम किन हालात में उठाया, इसकी जानकारी नहीं है। अनंत को किसी तरह की मानसिक या आर्थिक परेशानी नहीं थी। घटना से पहले अनंत ने इंस्टाग्राम पर दो स्टेटस शेयर किए थे। इन पोस्ट के बाद पुलिस ने अनंत की सोशल मीडिया गतिविधियों को भी जांच में शामिल किया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने ये पोस्ट किस हालत में किए थे।

### पुरानी रंजिश में 9-10 युवकों ने की मारपीट, घटना सीसीटीवी में कैद

## बैतूल में पेट्रोल पंप पर हमला, आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** बैतूल-इंदौर हाईवे स्थित खेड़ी के शिव शक्ति सेल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट और तोडफ़ोड़ के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुराग उर्फ अरुण मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार रात हुई इस घटना में 9-10 युवकों ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और कार्यालय में जमकर तोडफ़ोड़ की। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 9 बजे पेट्रोल पंप पर ड्यूटी कर रहे राजेश शेषकर (28) के पास अनुराग मालवीय पेट्रोल भरवाने पहुंचा। पेट्रोल भरवाने के बाद दोनों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि अनुराग ने राजेश के साथ अभद्रता की, जातिसूचक शब्द कहे और थप्पड़ मारकर वहां से चला गया। करीब रात 11 बजे अनुराग मालवीय 9-10 साथियों के साथ दोबारा पेट्रोल पंप पहुंचा। आरोपियों ने पहले कर्मचारियों से विवाद किया, फिर राजेश शेषकर को कार्यालय के अंदर और बाहर घसीटकर लाठी, डंडों और पाइप से पीटा। बीच-बचाव करने आए कर्मचारी मनोज चंदेलकर के साथ भी मारपीट की गई। हमलावरों ने कार्यालय के कांच तोड़ दिए और परिसर में जमकर उत्पात मचाया। हमले में दोनों कर्मचारियों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। फरियादी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 601/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला कायम किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अनुराग उर्फ अरुण पिता कैलाश मालवीय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। खेड़ी चौकी प्रभारी राकेश सरयाम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों पक्षों के बीच वाहन खड़ा करने को लेकर पुरानी रंजिश सामने आई है। घटना के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### शिव शक्ति पेट्रोल पंप की घटना पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

## बढ़ते अपराध और जान माल की सुरक्षा को लेकर एकजुट हुए व्यवसायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



रविवार रात्रि में शिव शक्ति पेट्रोल पंप अखतवाडा खेड़ी में हुई मारपीट की घटना पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड्स के तत्वावधान में सोमवार दोपहर एक बजे जिले के समस्त व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, व्यापारियों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन को शहर में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने और व्यवसायियों एवं आम नागरिकों की जान माल की सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कैट के जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव ने बताया कि खेड़ी पेट्रोल पंप की घटना में पंप संचालक हिरेन पटेल द्वारा पुलिस थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिले में इन दिनों व्यवसाइयों को धमकी देकर हमला करने की घटना बढ़ती जा रही हैं। बीती रात उक्त पेट्रोल पंप पर जिस तरह दर्जन भर नकाबपोश बदमाशों ने कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर तोडफोड की है उससे प्रतीत होता है कि अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज जरूर किया है किंतु जब तक अपराधियों को गिरफ्तार करके उन पर गैंगस्टर एक्ट, एनएसए और उनके अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन नहीं होगा तब तक उनमें अपराध के प्रति भय भी व्याप्त नहीं होगा। इसके पूर्व में भी शहर में कई बार चोरी, डकैती हुई है किंतु पुलिस विभाग द्वारा आज तक किसी भी अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे व्यापारी वर्ग में बेहद आक्रोश और भय कायम है। यदि 48 घंटे में उचित कार्रवाई नहीं होती है तो व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते समय कैट के जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव, सचिव दीपक खुराना, उपाध्यक्ष आलोक मालवीय, कोषाध्यक्ष मनोज मेहता, योगी खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र काबरा, राजेश आहूजा, राजू अग्रवाल, राकेश शर्मा, विवेक मालवीय, जैमिन पटेल, अमित सपरा, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन के संजय पगारिया, राजेश मदान, विवेक जैन, पदम सुराना, मुकेश गुप्ता, अनाज तिलहन संघ के अतुल शाह, उद्योग संघ के अध्यक्ष ब्रज आशीष पांडे, सचिव पीयूष तिवारी, अंबेश बलवापुरी, बैतूल जनरल एवं किराना संघ के अध्यक्ष गजानंद मोटवानी, धर्मेंद्र मेहता, टूटू भार्गव, धीरज हिरानी, बबन आहूजा, जिला औषधि संघ के दीपक सलूजा, सराफा एसोसिएशन के उषभ गोठी, लोकेश पगारिया, अतीत पंवार, अतीत अग्रवाल, लट्टू अग्रवाल आदि रहे मौजूद।

### एक दशक की सेवाओं के बाद भावपूर्ण विदाई, कार्यकाल को बताया प्रेरणादायी

# जन अभियान परिषद की पूर्व जिला समन्वयक प्रिया चौधरी का रायसेन हुआ स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल की पूर्व जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी के रायसेन स्थानांतरण होने पर विकासखंड आठनेर में सम्मान एवं भावनात्मक वातावरण के बीच भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र भेंट कर परिषद में उनके एक दशक के उत्कृष्ट, समर्पित एवं प्रेरणादायी सेवाकाल के लिए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने कहा कि श्रीमती प्रिया चौधरी के नेतृत्व में जन अभियान परिषद ने अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं। उनके कार्यकाल में परिषद को प्राप्त शासकीय लक्ष्यों की समय पर सफलतापूर्वक पूर्ति, विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता, कुशल नेतृत्व, समन्वय क्षमता तथा टीम भावना ने परिषद को नई पहचान दिलाई। उन्होंने विकासखंड के नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ सशक्त समन्वय स्थापित कर अनेक जनहितकारी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालन किया, जो आज भी सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने अपने अनुभव सांझा करके कहा कि श्रीमती चौधरी ने अपने सरल, सौम्य, विनम्र एवं कर्मठ व्यक्तित्व से सेवा, अनुशासन, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और समर्पण का जो आदर्श स्थापित किया है, वह जन अभियान परिषद परिवार के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा। आठनेर नगर मंडल अध्यक्ष एवं परामर्शदाता गोवर्धन राने कि मैडम का नेतृत्व केवल प्रशासनिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार और संगठन को साथ लेकर चलने की कार्यशैली के कारण भी सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने श्रीमती प्रिया चौधरी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं रायसेन में नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी कार्यकुशलता, सकारात्मक सोच एवं समर्पित सेवाभाव से वहाँ भी नई उपलब्धियाँ स्थापित करेंगी। विदाई के भावुक क्षणों में श्रीमती प्रिया चौधरी ने अवरुद्ध कंठ से सभी अधिकारियों, कार्यकर्ताओं, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों तथा परिषद परिवार के प्रत्येक सदस्य के स्नेह, विश्वास, सहयोग एवं आत्मीयता के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैतूल में बिताया गया कार्यकाल उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा और यहाँ से मिली सीख, अपनत्व एवं सहयोग को वे सदैव अपने साथ लेकर आगे बढ़ेंगी। समारोह आत्मीयता, सम्मान, भावनात्मक जुड़ाव एवं कृतज्ञता के वातावरण में सम्पन्न हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने प्रिया चौधरी के उत्कृष्ट सेवाकाल को नमन करते हुए उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नर्मदापुरम संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, आठनेर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, नगर मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, जनपद सदस्य राजू सलामें, सामाजिक कार्यकर्ता धनराज, नवांकुर संस्था अध्यक्ष कैलाश आजाद आदि रहे मौजूद।

### सफल विद्यार्थियों का इंस्टीट्यूट में किया सम्मान

## इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट यूजी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट बैतूल के लिए इस वर्ष नीट यूजी 2026 का परिणाम बहुत गौरवपूर्ण रहा। संस्थान से 4 विद्यार्थियों ने नीट यूजी 2026 की तैयारी की, जिनमें से 3 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण (क्वालिफाई) कर संस्थान एवं बैतूल जिले का गौरव बढ़ाया है। संस्थान की छात्रा मानसी पाटिल ने 424/720 अंक प्राप्त कर 89.033 परसेंटाइल अर्जित किया। वहीं अन्वेषा दुबे एवं सुरुचि डोंगरे ने भी नीट यूजी 2026 परीक्षा सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित सफल विद्यार्थी के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रचारक प्रवीण ढोलके, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं समाजसेवी विक्रांत सिंह कुमरे तथा बैतूल जिले के शिक्षाविद् हेमराज बारस्कर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी विशिष्ट अतिथियों का श्रीफल, पेन एवं डायरी भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात नीट यूजी 2026 में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व में आईआईटी-जेईई परीक्षा में चयनित हुए संस्थान के विद्यार्थियों का भी इस अवसर पर सम्मान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर इंजीनियर सुस्मित बन्सोड, इंजीनियर अंचित पाठक, शैलजा परिहार सहित इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट की समस्त टीम उपस्थित रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं उचित मार्गदर्शन से प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जिले का प्रसिद्ध इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट बैतूल लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। संस्थान के डायरेक्टर सुष्मित बंसोड़ ने बताया कि गत वर्ष भी संस्थान की 3 छात्राओं का नीट परीक्षा में चयन हुआ था। संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें सफलता के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि यह सम्मान समारोह हमारे लिए प्रेरणादायी और उत्साहवर्धन करने वाला है।

## आइस स्केटर विवान का टीम इंडिया में चयन एशियन ट्रॉफी में करेंगे प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर का सात वर्षीय बालक विवान शर्मा आइस स्केटर है। विवान का चयन टीम इंडिया के लिए हुआ है। वह आगामी एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। विवान सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर विनोद शर्मा एवं कमलेश शर्मा के पौत्र हैं। सात साल की उम्र में विवान ने खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। परिजनों ने बताया कि 21वीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग स्पर्धा में विवान ने मप्र का प्रतिनिधित्व किया व उनका चयन भारतीय टीम के लिए हुआ। विवान की इस सफलता में प्रशिक्षकों, माता-पिता और शुभचिंतकों का महत्वपूर्ण योगदान है। क्षेत्रीय नागरिकों को विश्वास है कि विवान अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम गौरवान्वित करेंगे। विवान की इस उपलब्धि पर शहर के नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### 100 एकड़ से अधिक वनभूमि अतिक्रमणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराई जा चुकी

# वन अमले ने 20 एकड़ वनभूमि से हटाया अतिक्रमण, बोई गई फसलें की नष्ट

रेंजर नवनीत झा ने बताया कि वर्षा काल में अतिक्रमण के खिलाफ यह सख्त मुहिम लगातार जारी रहेगी। 20 एकड़ भूमि को कब्जे से छुड़ाने के बाद तीन जेसीबी मशीनों के माध्यम से मौके पर खाइयां खुदवाई गईं ताकि जमीन को दोबारा सुरक्षित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वन विभाग ने भूमाफिया और अतिक्रमणकर्ताओं के खिलापफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आष्टा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत गोविंदपुरा-पीथापुरा बीट में वन विभाग की टीम ने सुबह से लेकर शाम तक चले एक बड़े रेस्क्यू ऑपरेशन में करीब 20 एकड़ से अधिक कीमती वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। इस दौरान तीन जेसीबी मशीनों के माध्यम से वनभूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बोई गई फसलों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया।

डीएफओ अर्चना पटेल के निर्देशानुसार और एसडीओ राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा ने आष्टा वन परिक्षेत्र में इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। बता दें इस साल आष्टा वन विभाग द्वारा अब तक 100 एकड़ से अधिक की वनभूमि अतिक्रमणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराई जा चुकी है। कार्रवाई की योजना इतनी गुप्त और सख्त थी कि सुबह रेंजर नवनीत झा ने अपनी पूरी टीम को अचानक एकत्र किया। डिप्टी रेंजर, वनरक्षक, सुरक्षाकर्मी और वाहन चालकों सहित दो दर्जन से अधिक वाहनों में सवार होकर पूरी टीम सिद्धिकगंज पहुंची। वहां से टीम सीधे गोविंदपुरा-पीथापुरा बीट के जंगलों में दाखिल हुई। क्योंकि पूर्व में इसी क्षेत्र में वन विभाग की टीम पर अतिक्रमणकारियों द्वारा जानलेवा हमला किया जा चुका था, इसलिए इस बार पूरा फोर्स हर निपटने के लिए तैयारियों के साथ मुस्तैद था।

### जेसीबी से खोदे गड्ढे

रेंजर नवनीत झा ने बताया कि वर्षा काल में अतिक्रमण के खिलाफ यह सख्त मुहिम लगातार जारी रहेगी। 20 एकड़ भूमि को कब्जे से छुड़ाने के बाद तीन जेसीबी मशीनों के माध्यम से मौके पर खाइयां खुदवाई गईं ताकि जमीन को दोबारा सुरक्षित किया जा सके। इन गड्ढों को खुदवाने का एक बड़ा उद्देश्य यह भी है कि बरसात का पानी इनमें इकट्ठा हो सके, जिससे क्षेत्र का भूमिगत जल स्तर बढ़ेगा और जंगल के वन्य प्राणियों को पीने के लिए आसानी से पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### अतिक्रमण होने पर मिलेगी सख्त सजा

वन विभाग द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के भूमाफियाओं और वन माफियाओं में हडकंप और दहशत का माहौल है। रेंजर झा ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का नया अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरोपियों पर सीधे कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

## मप्र कार्यभारित कर्मचारी एवं दैवेभो महासंघ ने रखी छह सूत्रीय मांगें

### जल संसाधन ईई को सौंपा आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र कार्यभारित कर्मचारी एवं दैनिक वेतनभोगी महासंघ ने सोमवार को जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह को अपनी मांगों के संबंध में एक आवेदन सौंपा है।

संगठन के संभागीय अध्यक्ष खुमान सिंह मेहरा के परामर्श तथा निर्देश अनुसार कर्मचारियों की मौजूदगी में ज्ञापन दिया गया। इस दौरान अशोक शर्मा, हरकिशन यादव, प्रदीप कुमार भार्गव, एमएल शर्मा, काशीराम पटेल, प्रेमनारायण राय, जयनारायण पटैल, ओमकार पटैल, हरीसिंह, विजय कुमार साहू एवं कर्मचारी शाखा जिलाध्यक्ष हरवंश रघुवंशी उपस्थित रहे।

### संघ के द्वारा आवेदन में यह रखी ये मांगें

अधीक्षण यंत्री कार्यालय में पुनः परामर्श दायत्री समिति की बैठक पूर्व की भांति प्रति तीन माह में हो। स्थायी कर्मियों की जन्मतिथी में सुधार कराएं, प्रत्येक कर्मचारी की सर्विस बुक प्रतिमाह तैयार करायी जाए। मप्र शासन के आदेश के परिपालन में पदोन्नति के बाद रिक्त हुए पदों पर स्थायीकर्मियों की नियुक्ति की जाए। डीडीओ अनुशंसा सहित वरिष्ठ कार्यालय को भेजें।

संभाग कार्यालय में परामर्श दायत्री समिति की बैठकों में श्रमिक महासंघ पदाधिकारी बुलाए जाएं, ताकि समस्या समाधान ईई कार्यालय स्तर पर हो सके। कर्मचारियों को गणना पत्रक की स्वीकृति के बाद भी अब तक राशि नहीं देने से आर्थिक क्षति हो रही है। यह उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना प्रतीत होता है। प्रतिवर्ष कर्मचारी संख्या घट रही है अतः सेवानिवृत्त कर्मियों को रोजगार दें, ताकि नहरों का उचित संचालन एवं संधारण हो सके।

## मेहंदी खेड़ा जमीन के मामले में आया नया मोड़, पटवारी का जांच प्रतिवेदन किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत मटकुली के मेहंदी खेड़ा गांव में जमीन खरीद फरोख्त का मामला सामने आते जा रहा है। जिसमें अनेक तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं।

विगत दिनों बलवीर सिंह पिता धर्म सिंह का सामने आया था। जिसमें पटवारी को भूमि की जांच नायाब तहसीलदार के द्वारा संबंधित मामले में सौंपी गई थी। जिसमें पटवारी ने खसरा नंबर 54/1रकवा 53,38 एकड़ में तथा खसरा नंबर 47मे रकवा 2.30 में सरकारी चरनोई भूमि दर्ज बताया गया था। तथा आवेदक के नाम खसरा नंबर 54/3 में रकवा 5.400हेकटेयर एवं 47/1 में रकवा 0.481हेकटेयर दर्ज बताया गया था।54/3मे 231 पेंड 47/1पर 55 पेड़ बताएं थे। लेकिन 27 जनवरी को प्रस्तुत अपील में अपर कलेक्टर आदित्य रिछारिया ने आदेश जारी किया गया है कि पटवारी राजस्व का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत एवं नायाब तहसीलदार के आदेश को निरस्त करते हुए। बताया गया है कि खसरा नंबर 47/1 54/3मे तथा अन्य खसरा नंबर में कुल रकवा 7.289हेकटयर जो वलवीर सिंह के नाम रिकार्ड में दर्ज किया गया है।

आदेश की कंडिका नंबर 3मे स्पष्ट आदेश अनुसार 47/1 एवं 54/3 की भूमि जो गांव से लगी है सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बाहर है।अपील करता की जमीन बताई गई है। तथा प्रशनाधीन भूमि पर 60 वर्षों से राजस्व अभिलेखों में दर्ज बताया गया है। पटवारी राजस्व के द्वारा गंभीर भूल की गई है। इस विषय में अपील कर्ता के अनुसार ही अलग-अलग खसरा नंबर पर उनके परिवार जनों के नाम उच्च्य न्यायालय जबलपुर के आदेश अनुसार दर्ज किए गए हैं। उक्त भूमि पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान एवं नायाब तहसीलदार नीरज बैंस ने बताया कि उनकी पदस्थापना उस समय के बाद हुई है। अपर कलेक्टर के आदेश अनुसार अब कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

## साडा अध्यक्ष को लेकर उठा पटक शुरू, पूर्व विधायक का नाम चर्चा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के साडा क्षेत्र पचमढ़ी के लिए जोड़ तोड़ प्रारंभ हो गया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट के अनुसार दो पूर्व जिला अध्यक्ष एवं एक पूर्व विधायक का नाम चर्चा में है। लेकिन अभी तक तीनों दावेदार जिनके नाम चर्चा में है। उनके द्वारा अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले गए हैं। लेकिन सुत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में विधायक के योग्य व्यक्ति को ही अध्यक्ष भोपाल से नियुक्त किया जाता था। लेकिन मेंबर आप पार्लियामेंट का भी समर्थन होता है। तभी नियुक्ति की जाती थी। लेकिन अभी वर्तमान में मंत्री मुख्यमंत्री तथा संगठन के बिल्कुल करीब होने पर ही नियुक्त किया जाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष 2बार तथा पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल तो पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल भूतपूर्व जिला अध्यक्ष संपत मूंदड़ा के नाम की चर्चा चौराहे पर है। लेकिन अभी वर्तमान सरकार में विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुरदास नागवंशी के समर्थन के आधार पर नियुक्ति होना संभव बताया गया है। ऐसी स्थिति में विधायक ठाकुरदास नागवंशी का समर्थन तत्कालीन पूर्व जिला अध्यक्ष रहे माधव दास अग्रवाल को मिल सकता है।

## कुसुम महाविद्यालय में नशे से दूरी अभियान के तहत व्याख्यानमाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक विशेष जन-जागरूकता व्याख्यान माला का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी ने की उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "युवा देश की असली शक्ति हैं और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण और अपने उज्वल भविष्य के लिए करना चाहिए।"

कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. कैलाश चंद्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया, कार्यक्रम प्रभारीतनय सितोरे ने उपस्थित जनों को इस राष्ट्रव्यापी अभियान के मूल उद्देश्यों और आगामी रूपरेखा से अवगत कराया।

इसके पश्चात, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंजी. गौरव बिल्थरिया ने आधुनिक दौर में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उसके विनाशकारी दुष्प्रभावों पर एक अत्यंत प्रभावी एवं प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया, वहीं डॉ. रेखा पटेल ने नशे के कारण विद्यार्थियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली रथ यात्रा, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

कल्लू चौक स्थित श्री सीताराम मंदिर से रविवार को भगवान श्री राम, लक्ष्मण और जानकी की भव्य रथ यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। रथ में विराजमान होकर प्रभु ने पूरे नगर का भ्रमण किया। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालु महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। भक्तों ने अपने हाथों से रस्सी खींचकर भगवान को नगर भ्रमण कराया। प्रसिद्ध भजन गायक मुरली मूंदड़ा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नाचते-गाते चले। पूरा नगर भगवान के दर्शन के लिए पलक बिछाए खड़ा था। रास्ते में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया और पूजा-अर्चना की। रथ यात्रा सीताराम मंदिर से शीतला माता मंदिर, बड़े मंदिर, नर्मदा मंदिर चौक, गांधी चौक, पाठक चौक, राधावल्लभ मंदिर होते हुए पुनः सीताराम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

## नीट का पेपर लीक को लेकर एक दिन के उपवास पर बैठे छात्र-छात्राओं को समर्थन मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




पिपरिया मंगलवारा चौराहे पर नीट का पेपर लीक और धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे शिक्षा विद सोनम बागंचुक के समर्थन में पिपरिया नहर एवं जनपद पंचायत क्षेत्र से अनेकानेक छात्राओं छात्र छात्राओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया तथा उपवास रखा गया।

हर्षित शर्मा ने बताया कि पिछले 20दिन से सोनम बागंचुक भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे।इस दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से अभिजीत दीपके को भी हिरासत में लिया गया है।लिपटे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे थे। दिल्ली पुलिस के द्वारा संबंधित पर मारपीट भी की गई थी।सोनम बागंचुक के समर्थन में पिपरिया के दर्जनों छात्रों छात्राओं ने परिवार जनों के सहयोग से कार्य किया। लेकिन जिस दिन पिपरिया चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

उसी दिन हि दिल्ली पुलिस ने सोनम बागंचुक की तबियत बिगड़ी देख कर तथा दिल्ली उच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई से पहले ही पुलिस ने जंतर-मंतर पर जाकर कार्यवाही शुरू कर दी। वहीं उच्च न्यायालय ने पहले ही सोनम बागंचुक की रोजाना किलिनिकल हेल्थ जांच करने के निर्देश दिए गए थे। दिल्ली पुलिस ने अभिजीत दीपके को गिरफतार कर हिरासत में लिया गया। तथा सोनम बागंचुक को मेडिकल के नाम पर उठाया गया। सभी छात्रों छात्राओं के समर्थन में सैकड़ों लोगों अपने हस्ताक्षर किए और उत्साह बढ़ाते हुए समर्थन किया। जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## नवनियुक्त चेयरमैन रवि मालवी का पिपरिया दौरा



पिपरिया। मध्यप्रदेश राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं वित विकास निगम के नव नियुक्त चेयरमैन रवि मालवी का पिपरिया विधानसभा क्षेत्र का दौरा हुआ।तो अल्प संख्यक कल्याण विभाग भी आपके ही पास है। प्रथम दौरा किया गया। जिसमें बताया गया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल का नाम चर्चा में रहे हैं जब हम काफी लघु थे। फिर राजनीति में प्रवेश करने पर भी उनका सहयोग मिला है। अल्प समय के लिए रेस्ट हाउस में रूके उस दौरान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे। सभी से जानकारी ली गई। क्षेत्र के बारे में । उसके बाद पचमढ़ी रवाना हुए। इस दौरान संघ के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों का शाला से कराया परिचय डाकघर का कराया गया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन शक्ति अंतर्गत सेक्टर नसीराबाद में किशोरी बालिकाओं के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजन के तहत ग्राम पंचायत बछवाडा के डाकघर का भ्रमण करवाया गया डाकघर के शाखा डाकपाल जितेंद्र यादव द्वारा बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना एक्सीडेंटल बीमा आरबीआई बीमा एवं कम राशिमें खाता खुलवाने से संबंधित जानकारी दी गई साथी शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार समस्त आंगनबाड़ी केदो के नन्हे मुन्ने बच्चों को प्राथमिक शाला का भ्रमण कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत ग्राम समूह के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्राथमिक शाला में बच्चों को भ्रमण कर करवा कर शाला की शिक्षिका एवं बच्चों से परिचय करवाया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिल्पा राजपूत आशा अहिरवार एवं शिक्षिका सुमन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका स्कूल और बच्चे शामिले रहे।

### भाजपा का 'नव मतदाता व युवा संवाद कार्यक्रम'संपन्न

# युवा शक्ति ही भारत की सबसे बड़ी ताकतः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में रविवार को भाजपा का 'नव मतदाता व युवा संवाद कार्यक्रम' देनवा गार्डन में हुआ। कार्यक्रम में केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं तथा अन्य विषयों पर संवाद किया गया। उक्त कार्यक्रम सोहागपुर भाजपा मंडल द्वारा किया गया।

सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल व सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में विकसित भारत के संकल्प, युवाओं के भविष्य, रोजगार, शिक्षा, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से संवाद किया गया। कार्यक्रम में नव मतदाता एवं युवा शामिल हुए। अश्विनी सरोज के अनुसार कई युवाओं ने भाजपा की रीति-नीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम में अतिथि रूप में विधायक विजयपाल सिंह, नपाध्यक्ष लता पटेल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, वरिष्ठ नागरिक संतोष तिवारी, अंजनी पटेल, जेपी माहेश्वरी, भगवान सिंह पटेल एवं रामबाबू रघुवंशी सहित पार्टी के अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गहरैया ने किया।

### युवाओं पर की पुष्पवर्षा

भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम दौरान विधायक मंच से उतरकर उस स्थल पर पहुंचे, जहां नव मतदाता एवं भाजपा की सदस्यता लेने वाले नए कार्यकर्ता बैठे थे। विधायक ने सभी पर पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

### युवाओं को रोजगार

संबोधन में विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। मप्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोहागपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल की सौगात मिली है। मुहासा औद्योगिक क्षेत्र में लगभग एक लाख युवाओं के लिए रोजगार सृजित होंगे। सिंह ने कहा कि युवा उद्योग लगाएं।

## स्टेट हाईवे पर मवेशी राज, बाधित होता यातायात



नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर भटकते निराश्रित मवेशियों को गौशाला पहुंचाने का निर्णय कई बार लिया गया, लेकिन परिणाम शून्य है। अधिकारियों की लापरवाही है, जो फील्ड वर्क नहीं करते हैं। नागरिकों के अनुसार मवेशियों को गौशाला पहुंचाने का अभियान फोटो निकलवाने तक सीमित रहा। स्थिति यह है कि स्टेट हाईवे पर 'मवेशी राज' से यातायात बाधित होता है। सबसे अधिक परेशानी तवा पुल पर होती है। बरसात में बड़ी संख्या में मवेशी सड़क मार्ग स्थित तवा पुल पर जा बैठते हैं। जिनके कारण वाहनों के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती जा रही है। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान करे।





## कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)

**Municipal Council Pipariya Distt- Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरियो फोन नं. 07576-222041 पिन-461775
EMail-cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./ 2026/494 — द्वितीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना — पिपरिया दिनांकः- 17.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_522577_1 Nit No.494_ 17.07.2026 | स्वच्छता शाखा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये नवीन विभिन्न साईजों के टायर एवं ट्यूब क्रय किये जाने हेतु । | 1- 12 माह 2. 08.00 लाख | 1- 2000/- 2- 8000/- | 13.05.2026 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

## खबर संक्षेप

### पिछले 24 घंटों में जिले में 3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.8 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 1.2 मि.मी., सिराली में 7.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 5.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 390.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 418.9 मि.मी., टिमरनी में 422.2 मि.मी., खिरकिया में 439.6 मि.मी., सिराली में 324.6 तथा रहटगांव में 349.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 20 जुलाई तक 444.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए जिले में 40 केंद्र स्थापित

**हरदा।** ग्रीष्मकालीन फसल मूंग का समर्थन मूल्य पर उपार्जन 1 जुलाई 2026 से 10 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। जिला उपार्जन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार जिले में किसानों की सुविधा के लिए 40 ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से निर्धारित प्रक्रिया के तहत समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है। मूंग उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग 31 जुलाई तक होगी। अपनी सुविधा के अनुसार संबंधित उपार्जन केंद्र पर स्लॉट बुकिंग कर निर्धारित समयावधि में अपनी उपज उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जित करावें। उन्होने बताया कि वर्तमान स्थिति तक 11815 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराया गया है तथा 2117 किसानों द्वारा 18401 क्विंटल मूंग उपज, उपार्जन केन्द्रों पर उपर्जित की गई है।


### सलकनपुर मार्ग में 2 घंटे रुकी गाड़ियां, दर्शन करने पहुंच रहे लोग

**सीहोर।** बुधनी में प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर में गुप्त नवरात्रि और रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पहाड़ी पर मंदिर जाने वाले सड़क मार्ग पर लंबा जाम लग गया। इस दौरान बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन मंदिर की ओर जा रहे थे, लेकिन मंदिर से पहले सड़क पर वाहनों के रुकने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जाम की सूचना मिलते ही सलकनपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस बल ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जाम लगने का एक मुख्य कारण सूर्य द्वार सीडी मार्ग पर सड़क किनारे वन परिक्षेत्र के अंदर लगी अस्थायी दुकानें हैं। ये दुकानदार श्रद्धालुओं की कारों को बीच चढ़ाई में ही रुकवाकर सड़क किनारे खड़ा करवा देते हैं। वे वाहन चालकों से कहते हैं कि सीडी मार्ग से मंदिर पास है, इसलिए वे सीढ़ियों से जा सकते हैं। इस अव्यवस्था के कारण सड़क संकरी हो जाती है और पीछे आने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। सलकनपुर में रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और अस्थायी दुकानों के कारण लगने वाले जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

---

समयावधि अंकित पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की

# बेतरतीब खड़े वाहनों पर लगेगा व्हील लॉक यातायात व्यवस्था सुधारने होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि हरदा नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर व्हील लॉक लगाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर ऐसे वाहनों को टो व्हीकल के माध्यम से हटाया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करें तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। ग्राम पंचायतों को भी अपने बकाया बिजली बिलों का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए गए, जिससे उनकी विद्युत व्यवस्था प्रभावित न हो।

कलेक्टर ने अवैध खनिज उत्खनन के मामलों में आरोपित अर्थदंड की सख्ती से वसूली करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित विभागों को नियमित कार्रवाई करते हुए शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की भी साप्ताहिक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को समय-सीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा भी की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विभागवार सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए निर्धारित समय पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही समारोह स्थल की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था तथा आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पूरी गरिमा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ संपन्न कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन व तृप्ति पटेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

---

रहटगांव पुलिस को सफलता

## अपहृत बालिका सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

थाना रहटगांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 वर्षीय अपहृत नाबालिग बालिका को महज 36 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई 2026 को ग्राम उसकल्ली निवासी सुनीता बाई ने थाना रहटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर थाना रहटगांव में अपराध क्रमांक 296/2026 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि फरियादी के घर के समीप आने-जाने वाला आरोपी रोशन धुर्वे पिता मोहन धुर्वे घटना में संलिप्त हो सकता है। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की लोकेशन का पता लगाया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम में विवेचक हेरंब पाण्डेय, आरक्षक नीरज थापा, आरक्षक महेंद्र रघुवंशी, आरक्षक ललिता तथा साइबर सेल के आरक्षक मनोज शामिल रहे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 जुलाई 2026 को खंडवा जिले के रोशनी क्षेत्र से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया तथा आरोपी रोशन धुर्वे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म एवं पॉक्सो (ढडउरड) अधिनियम की संबंधित धाराओं का भी समावेश किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

---

चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया

## चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पुलिस ने 14 जुलाई की रात मंगल होम कॉलोनी में हुई चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, मंगल होम कॉलोनी निवासी कमलेश पिता गोपाल लुनिया (38) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे अपने बेटे रुद्र के इलाज के लिए इंदौर गए थे। इस दौरान उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दो जोड़ी चांदी के पायल, एक जोड़ी चांदी के कड़े और 20 हजार रुपये नकद चुरा लिए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से शहर के यादव छात्रावास के पास सकुर कॉलोनी निवासी काला उर्फ जसविंदर पिता अर्जुनसिंह सिकलीगर (24) और उसकी बुआ के बेटे राहुल पिता सुल्तान सिंह खींची (23), निवासी बंगाली कॉलोनी, ब्रिज के नीचे, नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए आभूषण, 10 हजार रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर गाड़ी जब्त की है। कुल जब्त मशरूका की कीमत एक लाख बीस हजार रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार, नर्मदापुरम निवासी राहुल खींची 14 जुलाई को अपने मामा के यहां मुर्गा पूजा में शामिल होने हरदा आया था, जिसके बाद उसने उसी दिन रात 3 बजे के आसपास अपने मामा के बेटे जसविंदर के साथ मिलकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया।

---

आर्यन जनसेवा फाउंडेशन की पहल

## 24 घंटे लगातार गूंजेगा संगीत, गायक देंगे निरंतर प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

संगीत प्रेमियों के लिए हरदा में पहली बार 24 घंटे लगातार संगीत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आर्यन जनसेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में यह विशेष कार्यक्रम 25 जुलाई की रात्रि 7.30 बजे से 26 जुलाई की रात्रि तक हरदा के माँ रेवा गार्डन में आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शहर के एक निजी होटल में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम प्रभारी जय पुजारी ने बताया कि कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक एवं कराओके दोनों का आकर्षक संगम रहेगा। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए 21 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीयन स्वीकार किए जाएंगे। फाउंडेशन के राम नेमा ने बताया कि इस अनूठे आयोजन में 5 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक की आयु के गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही जिले के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है और उनसे भी गीत प्रस्तुत करने का आग्रह किया जाएगा। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले सभी गायकों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति के सदस्य अंजू भायरे, कपिल यादव , मादिक रुनवाल सहित अन्य सदस्यों ने अधिक से अधिक संगीत प्रेमियों एवं प्रतिभागियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

---

## मार्कशीट व ट्रांसफर सर्टिफिकेट में विरोधाभास का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सनफ्लावर स्कूल में एक छात्रा की मार्कशीट और ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) में विरोधाभास का मामला सामने आया है। नौवीं कक्षा की छात्रा को मार्कशीट में फेल बताया गया है, जबकि उसे जारी की गई टीसी में पास दर्शाया गया है। इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, छात्रा पिछले नौ सालों से इसी स्कूल में पढ़ रही थी। उसे नौवीं कक्षा की परीक्षा में 500 में से केवल 119 अंक दिए गए, और क्लास टीचर ने उसके प्रदर्शन को 'पुअर' (खराब) बताया था। इसके बावजूद, स्कूल द्वारा जारी टीसी में उसे अगली कक्षा में प्रवेश के लिए 'पास' दिखाया गया है। जब इस संबंध में स्कूल की प्राचार्य भुवनेश्वरी पांडे से बात की गई, तो उन्होंने इसे 'प्रिंटिंग मिस्टेक' बताया। प्राचार्य ने कहा कि यदि छात्रा फेल है, तो उसे मार्कशीट और टीसी दोनों में ही फेल दर्शाया जाएगा।

गौरतलब है कि किसी भी छात्र को टीसी जारी करने से पहले उस पर प्राचार्य के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं। सूत्रों के अनुसार, स्कूल प्रबंधन अपनी गलती छिपाने और प्राचार्य को बचाने के लिए छोटे कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश कर रहा है। इस मामले पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल ने कहा है कि संस्थान की छवि खराब नहीं होने दी जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, छात्रा ने शहर के एक अन्य निजी स्कूल में प्रवेश ले लिया है।

---

## भाजयुमो और एनएसयूआई के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा

**हरदा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और एनएसयूआई के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा रविवार शाम को की गई। भाजयुमो ने धर्मेंद्र पाल को जिला अध्यक्ष बनाया है, जबकि सिद्धार्थ पटेल को एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष श्याम ट्रेलर ने प्रदेश के 15 जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की। इसमें हरदा जिले की टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोधीखेड़ा निवासी धर्मेंद्र पाल को भाजयुमो का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से की गई। धर्मेंद्र पाल पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के जिला संयोजक और भाजयुमो के जिला महामंत्री रह चुके हैं। जिलाध्यक्ष पद के लिए जिले से करीब आधा दर्जन नाम चर्चा में थे। इनमें राहुल पुन्या, दीपेश विश्नोई, भूपेंद्र सिंह तोमर, योगेंद्र पटेल और नीरज लाठी के नाम भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र पाल को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा का करीबी माना जाता है। करीब दो महीने पहले वरिष्ठ नेतृत्व को भेजे गए तीन नामों के पैनल में धर्मेंद्र पाल, भूपेंद्र सिंह तोमर और योगेंद्र पटेल के नाम शामिल थे। वहीं, छात्र नेता सिद्धार्थ पटेल को एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वह ग्राम झाड़पा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सेठी पटेल के बेटे हैं। एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने प्रदेश के 26 जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की, जिसमें सिद्धार्थ पटेल का नाम भी शामिल है।

---

## रेल संपत्ति चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**हरदा।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेल संपत्ति चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को आज (सोमवार) गिरफ्तार किया है। उनके पास से 20 एल्युमिनियम बोर्ड और एक लोहे की फ्रेम बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 9090 है। वरिष्ठ खंड अभियंता, रेल पथ हरदा ने सूचना दी थी कि हरदा-भिरगी स्टेशनों के बीच किमी 668/1-3, किमी 652/11-13 और किमी 652/15-17 के मध्य लगे ट्राई एंगल स्पीड बोर्ड, ग्रेडिएंट बोर्ड और ब्रिज बोर्ड चोरी हो गए हैं। इस सूचना पर हरदा आरपीएफ पोस्ट में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान, 19 जुलाई 2026 को दो संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान अलिम उर्फ अल्लू (29) पिता इब्राहिम, निवासी डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नं. 14 मानपुरा, और आबिद खान (24) पिता जब्बर खान, निवासी वार्ड नं. 13 मानपुरा राजीव गांधी वार्ड, हरदा के रूप में बताई। दोनों सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 18 जुलाई की रात को रेलवे लाइन किनारे लगे एल्युमिनियम के बोर्ड चुराकर पास की झाड़ियों में छिपा दिए थे। उनकी निशानदेही पर झाड़ियों से तीन बोर्ड बरामद किए गए। इन बोर्डों से रेडियम खरोंच कर मिटाया गया था और उन्हें मोड़कर रखा गया था। कड़ी पूछताछ में, उन्होंने 19 जुलाई को भी किमी 667/04-06 के पास से और बोर्ड चोरी कर एक सफेद बोरी में छिपाने की बात कबूली। स्टाफ और गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर बोरी से 17 और बोर्ड बरामद किए गए।

इस प्रकार, कुल 20 एल्युमिनियम बोर्ड (लगभग 35 किलो वजन) और एक लोहे की फ्रेम (3 किलो वजन) जब्त की गई। बोर्ड खोलने में इस्तेमाल किया गया एक पेचकस भी आरोपी अलिम के पास से मिला। जांच में दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया। उनके पास रेल संपत्ति की खरीद का कोई दस्तावेज या रेल क्षेत्र में प्रवेश का अधिकार पत्र नहीं था।

---

न्यायोचित मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे विधायक सुदेश राय

# हड़ताल पर चल रहे पटवारियों ने ज्ञापन दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पटवारियों की न्यायोचित मांगों को विधायक सुदेश राय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष रखेंगे। अपनी लंबित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के पटवारी हड़ताल पर हैं। जिला पटवारी संघ ने विधायक सुदेश राय को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन दिया। पटवारी संघ के पदाधिकारियो से चर्चा करते हुए विधायक सुदेश राय ने पटवारियो की न्यायोचित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराने का आश्वासन दिया।

पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, संजय पारे, कमल कटियार, संतोष दरभन, गुरुद जामलिया,निलेश यादव, नरेश यादव दिनेश महोरिया, दुर्गेश शुक्ला, हरीश संदीप गुप्ता, भारत नेवासा कृष्णाकांत सौदाल, अनिल राठौर, दीपक वर्मा, केहर सिंह बुंदेला,संजय राठौर, मनीष जैन ने ज्ञापन देते हुए विधायक सुदेश राय को बताया कि पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष कर रहा है।

पटवारी संवर्ग खुद को शोषित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है। पटवारी संघ वर्षों से लंबित वेतनमान विसंगति को दूर करने के लिए शासन द्वारा तैयार कैडर रिव्यू का प्रस्ताव जो शासन स्तर पर ही लंबित है। उसे तत्काल लागू करने, मध्य प्रदेश में सभी कर्मचारी पदो की पदोन्नति आदेश जारी किए जा रहे हैं, इसी प्रकार पटवारियों को कैडर रिव्यू का लाभ प्राप्त ना होने तक पदोन्नति का लाभ दिए जाने, पदोन्नति से शेष रहे पटवारियों को समयमान वेतनमान का लाभ देने,नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करने , वसीयत प्रकरणों में पटवारी केवल प्रतिवेदन करता है। उसके गुण दोष की जांच करना तथा निर्णय कर आदेश प्रसारित करना न्यायालय तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का कार्य है। लेकिन कुछ मामलों में पटवारी पर सीधे एफआईआर की गई है। जो की अत्यंत गलत होकर विधिसम्मत तथा न्यायसंगत नहीं है।

पटवारियों को भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के साथ जज प्रोडक्शन एक्ट में शामिल किया करने, स्वामित्व भुगतान, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आयडी केम्प तथा अन्य जिनका भुगतान प्रदेश के समस्त पटवारियों को प्राप्त होना सुनिश्चित किया जाने, पटवारी संघ के पदाधिकारियों को जिले के अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से प्रताड़ित कर उनका स्थानांतरण नीति विरूद्ध किया गया।

---

## बारिश के लिए भगवान की शरण में अखंड ज्योति जलाकर भजन-कीर्तन



**सीहोर।** शहर के जनता कालोनी वर्कशाप रोड पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया गया है। लगातार 24 घंटे से यहां पर अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मां शारदा भवानी महिला मंडल ने अखंड ज्योति जलाकर विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर महिला मंडल के अलावा जसवंत सिंह दरबार, पुजारी सन्नी महाराज आदि ने सनातन सेन के प्रदेश सचिव पवन केवट, संत फ्लाइट बाबा, सीताराम बाबा आदि का सम्मान किया। पूरे जिले में अच्छी बारिश को लेकर मंदिर पर महिला मंडल ने पूजा-अर्चना की गई। समय पर अच्छी बारिश के नहीं होने से खरीफ की फसलें चौपट होने के कगार पर है। इसके अलावा गर्मी भी तेज हो गई है। बारिश की कामना के लिए अखंड ज्योति जलाई और कीर्तन किया। क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना के लिए महादेव का जलाभिषेक, पूजा-अर्चना करेंगे।